पटना में एसडीजी पर राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन, नीति निर्माण को मिली नई दिशा

K k sanjay · March 20, 2026 · 7:37 am · No Comments

पटना में एसडीजी पर राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन, नीति निर्माण को मिली नई दिशा

पटना में Planning & Development Department, Government of Bihar द्वारा आयोजित सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) पर राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव Dr. N. Vijayalakshmi ने कहा कि विकास को गति देने के लिए सरकारी योजनाओं का एसडीजी के साथ प्रभावी समन्वय बेहद जरूरी है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एसडीजी के स्थानीयकरण पर विशेष जोर दे रही है और जिला स्तर तक मजबूत निगरानी तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिससे योजनाओं की प्रगति का सटीक आकलन किया जा सके। नीति निर्माण को और सशक्त बनाने के लिए डेटा गैप्स की पहचान, जेंडर-संवेदनशील आंकड़ों का निर्माण और पर्यावरणीय लेखांकन को प्राथमिकता दी जा रही है। अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं और पुरुषों के बीच मौजूद असमानताओं को समझे बिना समावेशी और न्यायसंगत नीतियां बनाना संभव नहीं है। इसलिए जेंडर आधारित विश्लेषण को नीति प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय लेखांकन को नीति निर्माण में शामिल कर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला बिहार